भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1634**
**10 फरवरी, 2026 को उत्तरार्थ**

**विषय:गन्ना प्रौद्योगिकी मिशन**
**1634. श्री नीरज मौर्यः**
क्या **कृषि और किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या सरकार को जानकारी है कि उत्तर प्रदेश, विशेषकर आंवला संसदीय निर्वाचन क्षेत्र देश के प्रमुख गन्ना उत्पादक क्षेत्रों में से एक है, जहां बड़े पैमाने पर गन्ने की खेती की जाती है और लाखों किसान इससे प्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं;
(ख) क्या गन्ना प्रौद्योगिकी मिशन वर्तमान में देश के केवल कुछ चुनिंदा राज्यों/क्षेत्रों में ही कार्यान्वित किया जा रहा है और उत्तर प्रदेश में अभी तक कार्यान्वित नहीं किया गया है;
(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं, इस तथ्य के बावजूद कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा गन्ना उत्पादक राज्य है और आंवला जैसे क्षेत्रों में उत्पादकता वृद्धि, जल उपयोग दक्षता, रोग नियंत्रण और मशीनीकरण में प्रौद्योगिकीय हस्तक्षेपों की तत्काल आवश्यकता है; और
(घ) क्या सरकार का राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) के अंतर्गत अथवा एक पूरक पहल के रूप में उत्तर प्रदेश में, विशेषकर आंवला संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में गन्ना प्रौद्योगिकी मिशन को कार्यान्वित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)**

(क): आंवला संसदीय क्षेत्र सहित उत्तर प्रदेश में गन्ने की खेती की जाती है। उत्तर प्रदेश सरकार ने सूचित किया है कि वर्ष 2025-26 के दौरान आंवला संसदीय क्षेत्र में 39,644 किसानों द्वारा 22,330.75 हेक्टेयर क्षेत्र में गन्ने की खेती की गई।

(ख) से (घ): इसके अतिरिक्त, उत्तर प्रदेश में नई उत्पादन तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाएं जैसे कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन (एनएफएसएनएम), प्रति बूंद अधिक फसल (पीडीएमसी), प्रधानमंत्री-राष्ट्रीय विकास कृषि योजना (पीएम-आरकेवीवाई) गन्ना किसानों के लिए कार्यान्वित की जा रही हैं। इन योजनाओं के तहत प्रदर्शन, ड्रिप सिंचाई और फाउंडेशन कम प्राइमरी सीड, सूक्ष्म पोषक तत्व, कीटनाशक, जैव उर्वरक और किसान समूहों एवं महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा सिंगल बड विधि से उत्पादित पौध के वितरण के लिए सहायता प्रदान की जा रही है। आंवला संसदीय क्षेत्र के गन्ना किसानों को भी इन योजनाओं के तहत विभिन्न लाभ प्रदान किए गए हैं।

*****